राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल बागडे गुजरात में एकता नगर स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पहुंचे

आज भी प्रासंगिक है लौह पुरुष पटेल के एकता एवं अखंडता के विचार—राज्यपाल

जयपुर, 7 नवम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को गुजरात में एकता नगर (केवड़िया) में नर्मदा नदी के तट पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की विशाल प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पहुंचे। उन्होंने वहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को नमन करते हुए अपनी श्रद्धा निवेदित की।

उन्होंने 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' प्रतिमा के अंदर बनी व्यूइंग गैलरी का अवलोकन किया बाद में वहां सरदार पटेल की जीवनी के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता और अखंडता के आलोक में प्रदर्शित 'लाइट एंड साउंड शो' भी देखा। प्रतिमा पर लेजर लाइट से सरदार पटेल के जीवन दर्शन की भव्य व्याख्या की उन्होंने सराहना की।

उन्होंने इस दौरान कहा कि जिस तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल की मां नर्मदा के किनारे यह विश्व भर में सबसे विशाल प्रतिमा बनाई गई है, उससे कहीं अधिक विशाल उनका व्यक्तित्व भी था। राज्यपाल ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए किए गए सरदार पटेल के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल के विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का अनुपम उदाहरण बताया। उन्होंने वहां विजिटर बुक में एकता नगर को राष्ट्र की धरोहर बताते हुए सरदार पटेल की स्मृति में निर्मित प्रतिमा को जन जन की प्रेरणा बताया।

राज्यपाल के एकता नगर पहुंचने पर "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म गवर्नेंस अथॉरिटी"द्वारा सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा का प्रतिरूप और इससे संबद्ध पुस्तक भेंट की गई।